भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 883

दिनांक 27.06.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

शौचालयों के लिए जल की कमी

883. श्री नारणभाई काछड़ियाः

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत बनाए गए शौचालयों में जलापूर्ति की कमी से अवगत है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ख) उक्त अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने/सुकर बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय

(श्री रतन लाल कटारिया)

(क) और (ख) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत, हाथ धोने और सफाई हेतु जल भंडारण सहित जल उपलब्ध कराने हेतु वैयक्तिक शौचालयों के लिए प्रोत्साहन को 10,000 रुपए से बढ़ाकर 12,000 रुपए कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत सरकार ट्विन-लीच पिट शौचालयों तथा रूरल पैन को बढ़ावा देती है। इनके विशेष डिजाइन के कारण रूरल पैन में फ्लशिंग के लिए कम पानी (1-2 लीटर) की आवश्यकता होती है।